Downloaded from readaxis.com

आदर्श प्रश्नपत्र सत्र–2024
मनोविज्ञान कक्षा–12

समय–तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक–100

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश– 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2. प्रश्न संख्या–1 बहुविकल्पीय है। प्रश्न–2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय है जिनका उत्तर प्रत्येक एक वाक्य में देना है। प्रश्न संख्या– 7 से 12 तक अतिलघु उत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न–13 से 18 तक लघु उत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या–19 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय है। जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

3. सभी प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित प्रश्न बहुविकल्पीय है। प्रश्न के प्रत्येक खंड के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। आपको सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में ठीक–ठीक प्रश्न संख्या डालकर लिखना है–

(क) व्यक्ति की किसी विशेष क्षेत्र में योग्यता कहलाती है? 1

(i)व्यक्तित्व (ii) अभिक्षमता (iii) अभिरूचि (iv)अभिवृत्ति

(ख) आत्म को किस रूप में समझा जा सकता है? 1

(i)आत्मगत (ii) वस्तुगत (iii) आत्मगत और वस्तुगत (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) स्ट्रेस शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के किस शब्द से हुई है? 1

(i)स्ट्रिक्टर (ii) स्ट्रिक्मटर (iii)स्ट्रैक्चर (iv) स्ट्रिर

(घ) निम्न में कौन मादक द्रव्य नहीं है? 1

(i)कॉफी (ii)कोकेन (iii) अफीम (iv)स्मैक

(ङ) किसी विशिष्ट समूह के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति को कहते है– 1

(i)अभिक्षमता (ii) पूर्वाग्रह (iii) रूचि (iv)इनमें से कोई नहीं

Downloaded from readaxis.com

(निश्चित उत्तरीय प्रश्न)

2. बुद्धि का त्रिचापीय सिद्धान्त किसने दिया। 1
3. रोझ मसिलक्ष्य परीक्षण अवस्था में कितने मसिलक्ष्य होता है। 1
4. प्रतिबल के विपरीत अवस्था को .... कहते है। 1
5. मानसिक अस्वस्थता का प्रमुख लक्षण क्या है? 1
6. सामाजिक स्वैराचार को किसके प्रयोगों द्वारा दर्शाया गया? 1

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

7. किस प्रकार सर्जनात्मकता बुद्धि से संबंधित होती है? 4
8. अहम् रक्षा युक्तियों से आप क्या समझते है। 4
9. दबाव क्या है? 4
10. मद्यसेवन एवं निर्भरता से क्या तात्पर्य है। 4
11. मनश्चिकित्सा के विभिन्न प्रकार कौन–2 से है? 4
12. प्राथमिक एवं द्वितीयक समूह में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

13. व्यक्तिगत एवं सामूहिक बुद्धि परीक्षण में क्या अन्तर है। 3+3
14. मानवतावादी उपागम का वर्णन कीजिए। 6
15. पूर्वाग्रह क्या है? इसे प्रभावित करने वाले कारको का उल्लेख कीजिए। 2+4
16. किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक काम–काज पर दबाव के क्या प्रभाव होते हैं? 6
17. व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का वर्णन कीजिए। 6
18. समूह व्यक्ति के व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करता है। 6

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

19. बुद्धि को परिभाषित कीजिए तथा बहु–बुद्धि के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। 3+7

अथवा

प्रमुख मनोवैज्ञानिक विकारों का वर्णन कीजिए। 10

20. व्यक्तित्व से क्या आशय है। इसके विशेषक/शीलगुण उपागत का वर्णन कीजिए। 3+7

अथवा

अभिवृत्ति से क्या तात्पर्य है। अभिवृत्ति निर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए। 2+8

21. सकारात्मक स्वास्थ्य क्या है? दबाव बफर्स का वर्णन करें जो सकारात्मक स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करते है। 4+6

अथवा

समूह निर्माण को सुगम बनाने वाले कारकों का वर्णन कीजिए? 10

readaxis.com